# IIT कानपुर का सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं के साथ सहयोग

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में सशसत्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) ने **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर** के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिये एक **समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किये।

## मुख्य बिंदु:

- इसके तहत AFMS और IIT कानपुर दुर्गम क्षेत्रों में **सैनिकों के** सामने आने वाली **स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान** की दिशा में **नई प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान एवं विकास के लिये सहयोग** करेंगे।
- यह **सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज में स्थापित कंप्यूटेशनल मेडिसिन** के लिये सशस्त्र बल केंद्र में AI डायग्नोस्टिक मॉडल विकसित करने के लिये तकनीकी विशेषज्ञता भी प्रदान करेगा, जो भारत में **मेडिकल कॉलेजों में इस प्रकार का पहला** मेडिकल कॉलेज है।
- इस MoU के दायरे में फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम, संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियाँ और प्रशिक्षण मॉड्यूल के विकास की भी योजना बनाई जाएगी।

## सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएँ

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (AFMS) **रक्षा मंत्रालय** के तहत **एक अंतर सेवा संगठन है,** जो **भारतीय सशस्त्र बलों** को कवर करता है।

यह **वर्ष 1948 में अस्तित्व** में आया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/iit-kanpur-to-collaborate-with-armed-forces-medical-services